## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**
प्रकरण संख्या – 787/2023
अनवान : –

1. सतवीर पुत्र आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।

**– वादी**

**बनाम्**

1. जैसाराम पुत्र आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
2. भगतसिंह पुत्र आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
3. सुरेश कुमार आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
4. रतना देवी पत्नी आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
5. रोशनी पुत्री आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
6. सरिता पुत्री आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
7. निर्मला पुत्री आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
8. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

**– प्रतिवादीगण**

**दावा बाबत अन्तर्गत धारा 88–89 ,राजस्थान काश्त0 अधि0 1955**

उपस्थिति :– श्री नरेन्द्र किशोर जोशी अधिवक्ता **वादी**
पेरोकार राज

**निर्णय** दिनांकः– 09/02/2024

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा ललानाबास जैतासरी तहसील नोहर के खाता संख्या 7/8 की कुल 8.5100 हैक्ट भूमि में से 1/20 हिस्सा भूमि एवं रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर के खाता संख्या 8/11 की कुल 18.5400 हैक्ट भूमि तथा रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर के खाता संख्या 11/88 की कुल 9.4850 हैक्ट भूमि में से 529/47425 हिस्सा भूमि आदराम पुत्र शयोलाल के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

वाद भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में आदराम पुत्र शयोलाल के नाम दर्ज है जो कि वादी का पिता है आदराम पुत्र शयोलाल का देहान्त हो चुका है आदराम पुत्र शयोलाल के जायज वारिसान सजरा खानदान के अनुसार वादी एवं प्रतिवादी स0 1 ता 7 है जो आदराम पुत्र शयोलाल के नाम दर्ज भूमि को अपने हिस्सा के अनुसार पाने के अधिकारी है। प्रतिवादीगण संख्या 5 ता 7 जो की वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 3 की बहिने है व प्रतिवादी संख्या 4 जो की वादी की माता है उक्त वाद भूमि में कोई हक हिस्सा नही लेना चाहती है अपना जो भी हक हिस्सा है वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 3 के पक्ष में परित्याग कर चुकी है। बाद हक त्याग उक्त वाद भूमि में वादी एवं प्रतिवादीगण [illegible] ता 3 बहिब काबिज है। वादी जिसकी न्यायालय से घोषणा करवा पाने का अधिकारी है [illegible] है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.03.28 12:00:12 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

वादी ने प्रतिवादीगण को कई दफा कहा कि वादी के हक व हिस्सा की भूमि को उनके नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिन तक आजकल आजकल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिए यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावें की वादी के हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बंटवारे के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

वाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामील होने के बाद प्रतिवादी सं0 1 ता 7 ने न्यायालय में उपस्थित होकर वादी के वाद को स्वीकार करते हुए इकबाल दावा पेश किया जाकर निवेदन किया की वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 7 को कोई एतराज नही है। प्रतिवादी संख्या 8 पेरोकार राज ने जवाब पेश किया जो कि शामिल मिसल किया। वादी ने वाद के समर्थन में बतौर दस्तावेजी साक्ष्य जमाबंदी रोही मौजा ललानाबास जैतासरी तहसील नोहर के खाता संख्या 7/8, ललानाबास दिखनादा खाता संख्या 8/11, खाता संख्या 11/88, मृत्यु प्रमाण पत्र बहक आदराम पुत्र शयोलाल व शपथ पत्र बाबत सदस्य आदराम आदि दस्तावेज पेश किये जो की शामिल मिसल किये।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का इकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी के द्वारा शपथ पत्र पेश किया गया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पश्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। दौराने बहस वकील वादी ने कथन किया कि उक्त वाद भूमि वादी की दादालाई कृषि भूमि है जो की वर्तमान में वादी के पिता के नाम दर्ज है वादी के पिता आदराम पुत्र शयोलाल का देहान्त हो चुका है जिसके जायज वारिसान सजरा खानदान के अनुसार वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 7 है जो की उक्त वाद भूमि को अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है। प्रतिवादी संख्या 4 ता 7 ने अपना हक हिस्सा वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3के पक्ष में त्याग कर शुन्य कर लिया है। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के संबंध में कोई एतराज नही है। अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबूतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावें।

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। वाद में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा ललानाबास जैतासरी तहसील नोहर के खाता संख्या 7/8 की कुल [illegible]100 हैक्ट भूमि में से 1/20 हिस्सा भूमि एवं रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर के खाता संख्या 8/11 की कुल 18.5400 हैक्ट भूमि तथा रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर के खाता संख्या 11/88 की कुल 9.

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.03.28 12:00:12 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

4850 हैक्ट भूमि में से 529/47425 हिस्सा भूमि आदराम पुत्र शयोलाल के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, वादी का कथन है कि वादी के पिता आदराम पुत्र शयोलाल का देहान्त हो चुका है जिसके जायज वारिसान सजरा खानदान के अनुसार वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 7 है। प्रतिवादी संख्या 4 ता 7 ने अपना हक हिस्सा वादी एवं प्रतिवादी स0 1 ता 3 के पक्ष में त्याग दिया है। वादी के कथनों को प्रतिवादी संख्या 1 ता 7 द्वारा स्वीकार किया जाकर इकबाल जवाब पेश किया जा चुका है तथा उक्त वाद भूमि प्रस्तुत दस्तावेजात से पैतृक कृषि भूमि होना साबित है। वादी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र एवं पत्रावली में दर्शाये गये सजरा खानदान के आदराम पुत्र शयोलाल के अन्य कोई भी वारिस नहीं होना स्वीकार किया गया है। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल पेश किया गया है कि वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादी संख्या 1 ता 7 को कोई एतराज नही है। अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण मुताबिक अनुतोष स्वीकार योग्य है।

अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा ललानाबास जैतासरी तहसील नोहर के खाता संख्या 7/8 की कुल 8.5100 हैक्ट भूमि में से 1/20 हिस्सा भूमि एवं रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर के खाता संख्या 8/11 की कुल 18.5400 हैक्ट भूमि में से 1/20 हिस्सा भूमि तथा रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर के खाता संख्या 11/88 की कुल 9.4850 हैक्ट भूमि में से 529/47425 हिस्सा भूमि आदराम पुत्र शयोलाल के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, में मृतक आदराम पुत्र शयोलाल का नाम कलमजन किया जाकर वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते हैं इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/— रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे। इसी आशय की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हों।

निर्णय आज दिनांक 09/02/2024 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.03.28 12:00:12 IST
Reason: SelfAttested

## पर्चा डिक्री

**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ**

पीठासीन अधिकारी का नाम : **सत्यनारायण (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 787/2023

अनवान : –

1. सतवीर पुत्र आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।

**– वादी**

**बनाम्**

1. जैसाराम पुत्र आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
2. भगतसिंह पुत्र आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
3. सुरेश कुमार आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
4. रतना देवी पत्नी आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
5. रोशनी पुत्री आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
6. सरिता पुत्री आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
7. निर्मला पुत्री आदराम जाति जाट साकिन ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर।
8. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

**– प्रतिवादीगण**

**वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**राजस्व वाद संख्या 787 सन 2023 निर्णय दिनांक** - 09/02/2024

आज यह वाद मुझ पंकज गढ़वाल उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर नोहर के समक्ष वकील वादी श्री नरेन्द्र किशोर जोशी एवं राज पेरोकार की उपस्थिति में निर्णयार्थ/अंतिम निपटारे हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वाद मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा ललानाबास जैतासरी तहसील नोहर के खाता संख्या 7/8 की कुल 8.5100 हैक्ट भूमि में से 1/20 हिस्सा भूमि एवं रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर के खाता संख्या 8/11 की कुल 18.5400 हैक्ट भूमि में से 1/20 हिस्सा भूमि तथा रोही मौजा ललानाबास दिखनादा तहसील नोहर के खाता संख्या 11/88 की कुल 9.4850 हैक्ट भूमि में से 529/47425 हिस्सा भूमि आदराम पुत्र शयोलाल के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, में मृतक आदराम पुत्र शयोलाल का नाम कलमजन किया जाकर वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते हैं इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 09/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.03.28 12:00:12 IST
Reason: SelfAttested

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर